OFFICE OF THE DIRECTOR, ACADEMIC AFFAIRS (DoAA)
**DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR**



Sagar's Academic **AWAJ** | An innovative initiative एक अभिनव पहल | सागर, शैक्षणिक **आवाज**

*Academically Worthy and Avenues' Jackpot*

पत्रांक : DHSGSU/DOAA/2025-26/962 दिनांक : 24 सितम्बर 2025

## शैक्षणिक गतिविधियों में नवाचारपरक पहल के लिये सहयोग हेतु अनुरोध

प्रतिष्ठा में,

1. समस्त शिक्षकगण,
2. समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण,

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)।

विषय : शैक्षणिक गतिविधियों में नवाचारपरक पहल के लिये आपके बहुमूल्य सुझाव आमंत्रण बाबत्।

महोदय/महोदया,

सभी शिक्षक साथियों को सादर अभिवादन।

हमारा मत है कि हमारे विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियाँ श्रेष्ठतम हैं, और हम अपने विश्वविद्यलय की उपलब्धियों पर गौरवान्वित हैं। पूज्य डॉ. सर हरीसिंह गौर जी की इस तपोभूमि में श्रेष्ठ अध्ययन–अध्यापन की परंपरा विगत कई दशकों से निरंतरता बनी हुई है, जिसके आप में से अनेक वरिष्ठ शिक्षकगण साक्षी भी हैं। आप में से अनेक साथी इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं, और आज इसकी एक बौद्धिक धरोहर के रूप में सेवारत भी हैं।

तथापि, चाहे हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरुप कुछ नयेपन की बात करें अथवा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण में नयापन एवं वर्तमान शैक्षणिक अपेक्षानुरूप नवाचारों की सोचें। यदि हम कृत संकल्पित होकर विचार करें तो निःसन्देह अपने विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को निरन्तर संचालित गतिविधियों के साथ साथ नया आयाम भी दे सकते हैं। इस नवाचारपरक पहल के लिये आप सभी विद्वान–विदुषी शिक्षक साथियों के नवीन एवं सुधारात्मक सुझाव हमारे लिये बहुमूल्य हैं, महत्वपूर्ण हैं।

हाँ, मगर आपके सुझाव प्रेषण हेतु यह अवश्य है कि आपसे यह अनुरोध केवल इस विश्वविद्यालय के निदेशक, शैक्षणिक गतिविधियाँ कार्यालय के क्षेत्राधिकार से संबंधित ही आमंत्रित किये जा रहे हैं। यह कार्यालय, विश्वविद्यालय के अन्य किसी अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप की ना तो मंशा रखता है, और ना ही ऐसा कोई प्रयास करेगा। अतः आपके सुझाव केवल और केवल निदेशक, शैक्षणिक गतिविधियाँ कार्यालय द्वारा निष्पादित किये जा सकने योग्य तथा कार्य संबंधी ही होने चाहिये।

आप अपने सुझाव हमें **awaj.doaa@gmail.com** पर दिनांक 31 अक्टूबर 2025 तक प्रेषित करें। इन प्रस्तावों को प्रथम चरण के विचार-विमर्श में सम्मिलित किया जायेगा। हालांकि, आप अपने सुझाव, इस तिथि के उपरांत भी हमें प्रेषित कर सकते हैं, जिन्हें आगामी चरणों में विचार-विमर्श हेतु सम्मिलित किया जायेगा। सुझाव भेजते समय अपने नाम, पद विभाग एवं मोबाईल नम्बर का उल्लेख अवश्य करें, ताकि आवश्यकता होने पर आपसे पुनः संवाद स्थापित किया जा सके।

सादर।

आपका शुभेच्छु,

(प्रो. विनोद कुमार भारद्वाज)
निदेशक, शैक्षणिक गतिविधियाँ

प्रतिलिपिः प्रभारी आई.टी.सेल - उक्त सूचना को वि.वि वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।